आज समाज 10/03/2025

# जीएमएन कॉलेज में होली महोत्सव धूमधाम से मनाया

**आज समाज नेटवर्क**



होली खेलते स्टाफ।

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने सभी स्टाफ सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दीं और इस रंगों के त्योहार को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक है, जो हमें नकारात्मकता को छोड़कर जीवन में नए रंग भरने की प्रेरणा देता है।

कॉलेज परिसर में आयोजित इस होली उत्सव में सभी स्टाफ सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और फूलों की होली खेलकर इस पावन पर्व को और भी यादगार बना दिया। इस दौरान सभी ने मिलकर पारंपरिक ढंग से एक-दूसरे को रंग लगाया और मिठाइयाँ वितरित कीं। रंगों के इस उत्सव में चारों ओर खुशियों का माहौल बना रहा। इस अवसर पर कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा विशेष रूप से कुछ मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की सदस्याओं ने विभिन्न रोचक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कई मजेदार खेल आयोजित किए गए, जिससे माहौल और भी उमंग से भर गया। कार्यक्रम के अंत में सभी स्टाफ एवं नॉन स्टाफ सदस्यों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाई और होली के रंगों में सराबोर होकर इस त्योहार को धूमधाम से मनाया। कॉलेज प्राचार्य की ओर से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया गया और भविष्य में इसी प्रकार मिल-जुलकर त्यौहार मनाने का आह्वान किया।